**भारतीय शिक्षा बोर्ड**

**प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र**

**कक्षा–X, 2026 -27**

**विषय– हिंदी कोर्स - (अ ) कोड संख्या -001**

निर्धारित समय:**3** घंटे अधिकतम अंक :**80**

---

सामान्य निर्देश:

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 10 मुद्रित पृष्ठ हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर लिखें।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 15 प्रश्न हैं।

(iv ) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

(v ) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाद्ध में 10:15 बजे किया जाएगा। पूर्वाहन में 10:15 से 10:30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

(vi) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - **क, ख, ग** और **घ**।

(vii) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं**। यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(viii) **खंड 'क'** में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 10 है।

(ix) **खंड 'ख'** में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(x) **खंड - 'ग'** में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उप-प्रश्नों की संख्या 21 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर लिखें।

(xi) **खंड 'घ'** में कुल 4 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

(xii) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

**खंड- क**

**(अपठित बोध )** **14**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों केउत्तर लिखिए 7

मध्यकालीन आक्रांताओं की पराधीनता से क्षीण हुए भारत की व्यवस्था को समूल नष्ट करने वाले उपकरणों की खोज में अंग्रेजों ने काफी परिश्रम किया था। फिर भी उनके दुष्प्रयासों को नाकाम करने वाले भारत के बौद्धिक-योद्धाओं ने जमकर लोहा लिया था। अंग्रेज जिस दिशा में विध्वंस के षड्यंत्र करते थे, भारत के बौद्धिक-योद्धा उस दिशा में मोर्चा खोल खड़े हो जाते थे। शिक्षा-संस्कृति-धर्म के विविध क्षेत्रों में जो बौद्धिक लड़ाईयाँ हुई, उनके उपेक्षित साक्ष्य आज भी देखे जा सकते हैं। लेकिन जब स्वतंत्र भारत के कर्णधारों ने निराश किया, देशी चेहरों के अंग्रेजों ने अंग्रेजों के उपकरणों से दैशिक रक्षा की शक्तियों को मारा, तब दुहरी पीड़ा से राष्ट्रभक्त मन टूटने लगे। इसी क्रम में राजनीति ने स्वयं को एकमेव सर्वोच्च शक्ति मान लिया है। उसे अपने भाषणों-वक्तव्यों, विकास कार्यक्रमों, कानूनों और सैन्यबल पर भरोसा है। राजनीति नहीं जानती अथवा नहीं जानना चाहती कि भारत का अपना सांस्कृतिक भूगोल भी है। इसका अमूर्त साम्राज्य कितना समृद्ध और सामर्थ्यवान है, इसे पोषित करके राष्ट्र की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सकता है। भारत की राष्ट्रीयता केवल राजशक्ति और राज्य प्रश्रय से पोषित होने वाली संस्कृति में निहित नहीं है। यह भारत की मूल संस्कृति की राष्ट्रव्यापी शक्ति में अधिष्ठित है। यह राजनीति से बहुत बड़ी शक्ति है। इसके स्पर्श मात्र से मृयमाण राजशक्ति प्राणवान हो उठती है। इस सांस्कृतिक साम्राज्य के निर्माण में हजारों वर्ष तक करोड़ों लोगोंकी कठोर तपस्या लगी है। हमारा बौद्धिक साम्राज्य एक सुनियोजित निर्मित है। हमारे ग्रंथ बड़ी सुदृढ़ संस्था के उत्पादन

है। आज जब इसके टुकड़े-टुकड़े ज्ञान विदेशों में मूल्यवान समझे जाने लगे हैं देशी चेहरों के अंग्रेजों को भी इसकी कुछ-कुछ व्यवसायिक उपयोगिता समझ में आ रही है। आज के भूमंडलीकरण के मौसम में उत्पन्न चुनौतियों के बीच नवीन-सृजन दृष्टि से अपनी मूल संस्कृति के शक्ति-स्रोत को पहचानना अवश्यक है।

(i) राजनीति से बड़ी शक्ति क्या है? 1 अंक

A सत्ता

B सत्तापोषित संस्कृति

C राष्ट्रव्यापी संस्कृति

D कोई नहीं

(ii)अंग्रेजों ने भारत की व्यवस्था को समूल नष्ट करने वाले उपकरणों की खोज में परिश्रम क्यों किया?

1 अंक

A इसके बिना उनकी सत्ता संपूर्ण रूप से स्थापित नहीं हो सकती

B वे भारत को बेहतर बनाना चाहते थे

C विकसित भारत बनाने के लिए पुरानी व्यवस्था का ध्वंस जरूरी था

D भारतीय व्यवस्था आधुनिक समाज के लिए उपयोगी नहीं थी

(iii) निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1 अंक

**कथन (K)** : भारत की राष्ट्रीयता केवल राजशक्ति और राज्य प्रश्रय से पोषित होने वाली संस्कृति में निहित नहीं है

**कारण (R)** : भारत के राष्ट्रीयता की खोज में अंग्रेजों ने काफी परिश्रम किया था।

A कथन (K) तथा कारण(R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
B कथन (K) गलत है लेकिन कारण(R) सही है।
C कथन (K) तथा कारण(R) दोनों गलत हैं।
D कथन (K) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(vi) भारत के बौद्धिक-योद्धा से लेखक का क्या अभिप्राय है, उनकी लड़ाई उपेक्षित क्यों रह गई?

2 अंक

(vi) 'राष्ट्र की सुरक्षा' को कैसे सुदृढ़ किया जा सकता है? 2 अंक

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए 7 अंक

यह दिसम्बर की पहली तारीख़ की
ढल रही शाम है
धूप चुपके से ठहर गयी है
नीम की पत्तियों पर
इस समय मन में उजास है
उसमें टपकता है शहद की तरह
बेटियों का स्वर
बेटियाँ होती ही शहद हैं
जो मिटा देती हैं
आत्मा की सारी कड़वाहट
अभी कुछ पल बाद धूप सरक जाएगी
आँचल की तरह पत्तियों से
पत्तियाँ अनन्त काल तक नहीं रोक सकतीं धूप
को
पर बेटियाँ नरम धूप की तरह
बनी रहती हैं सदा
पिता के संसार में
जितनी हँसी होती है बेटियाँ के अधर पर
उतनी उजास होती है पिता के जीवन में
जो न हँसें बेटियाँ
तो अँधेरे में खो जाते हैं पिता।

(i) **कवि के अनुसार पिता कब दुःख में डूब जाते हैं ?** 1अंक

A बेटी के पैदा होने पर

B बेटी के बाहर जाने पर

C बेटी के बड़े होने पर

D बेटी के उदास होने पर

(ii) **बेटियाँ कैसे पिता के लिए नरम धूप की तरह होती हैं?** 1अंक

A उनके व्यवहार में सदैव मर्यादा का आग्रह मौजूद होता है

B उनका प्रेम औपचारिकताओं से भरा होता है

C उनका प्रेम अनौपचारिक एवं ऊष्मा से भरा होता है

D उनके भीतर सदैव आकांक्षाओं की अग्नि जलती है

(iii) कॉलम Iको कॉलम II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1अंक

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| 1. **उजास** | i मन |
| 2. धूप | ii **आत्मा** |
| 3. **शहद** | iii जीवन |

**विकल्प** :

A 1-(ii), 2-(i), 3-(iii)

B 1-(i), 2-(ii), 3-(iii)

C 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

D 1-(i), 2-(iii), 3-(ii)

**(iv) 'मन में उजास' से कवि का तात्पर्य है** 2 अंक

(vi) **आत्मा की कड़वाहट से कवि का क्या आशय है? यह कैसे दूर होती है?** 2अंक

## खंड-ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) 16

**प्रश्न 3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए : 4x1=4

(i) उसका गाना सुनकर सबलोग खुश हो गए - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

(ii) कैप्टन चश्मा पहनाएगा या हालदार चश्मा पहनाएगा - सरल वाक्य में बदलिए ।

(iii) नेताजी चाहते थे कि उनके अनुयायी देशभक्त बनें । - वाक्य भेद लिखिए।

(iv) प्रातः काल होता है और चिड़ियां चहचहाने लगती हैं - मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

(v) भगत का गाना सुनकर सभी झूमने लगे - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

**प्रश्न 4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर लिखिए : 4x1=4

(i) कर्तृवाच्य में क्या प्रमुख होता है? 1

(ii) झंडा सरला दीदी द्वारा फहराया गया - वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए । 1

(iii) वाच्य किसे कहते हैं? 1

(iv) 'सत्य बोलना चाहिए।' कौन सा वाच्य है? 1

(v) लोग आँगन में प्रभाती गा रहे हैं।' वाच्य भेद का नाम लिखिए । 1

**प्रश्न 5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार प्रश्नों** के रेखांकित पदों का पद - परिचय लिखिए : 4x1=4

(i) खीरे की पनियाती फाँकें बहुत स्वादिष्ट थीं ।

(ii) उनकी अँगुलियाँ खंजड़ी पर लगातार चल रहीं थीं ।

(iii) नेताजी का ओरिजनल चश्मा कहाँ गया?

(iv) बिस्मिल्लाह खाँ इस मंगलध्वनि के नायक थे।

(v) परिश्रमी व्यक्ति कभी असफल नहीं होता ।

**प्रश्न 6**. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार प्रश्नों** की रेखांकित काव्य - पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए: 4x1=4

(i) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान , मृतक में भी डाल देगी जान ।

(ii) तुम सुनकर सुख पाओगे देखोगे यह गागर रीति

(iii) अब जनि देई दोसु मोहि लोगू । कटुबादी बालक बधजोगू ।।

(iv) मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर

(v) सुनकर तुम क्या भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा ?

## खंड-ग

(पाठ्यपुस्तक **क्षितिज, भाग-2** एवं पूरक पाठ्यपुस्तक **कृतिका, भाग-2** पर आधारित प्रश्न) 30

**प्रश्न 7** . .निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए 5 x1 =**5 अंक**

कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुई, जो फागुन तक चला करतीं । इन दिनों वह सबेरे ही उठते । न जाने किस बक्त जगकर वह नदी-स्नान को जाते-गाँव से दो मील दूर । वहाँ से नहा-धोकर लौटते और गाँव के बाहर ही, पोखरे के ऊँचे भिंडे पर, अपनी खैजड़ी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते। मैं शुरू से ही देर तक सोनेवाला किंतु, एक दिन, माघ की उस दाँत किटकिटानेवाली भोर में भी. उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था । अभी आसमान के तारों के दीपक बुझे नहीं थे। हाँ, पूरब में लोही लग गई थी जिसकी लालिमा को शुक्र तारा और बढ़ा रहा था । खेत, बगीचा, घर-सब पर कुहासा छा रहा था । सारा वातावरण अजीब रहस्य से आवृत्त मालूम पड़ता था । उस रहस्यमय वातावरण में एक कुश की चटाई पर पूरब मुँह, काली कमली ओढे, बालगोबिन भगत अपनी खैजड़ी लिए बैठे थे। उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था। उनकी अँगुलियाँ खैजड़ी पर लगातार चल रही थीं। गाते-गाते इतने मस्त हो जाते, इतने सुरूर में आते, उतेजित हो उठते कि मालूम होता, अब खड़े हो जाएँगे । कमली तो बार-बार सिर से नीचे सरक जाती । मैं जाड़े से कँपकँपा रहा था। किंतु तारे की छाँव में भी उनके मस्तक के श्रमबिंदु, जब-तब, चमक ही पड़ते ।

(i) **माघ की कड़ाके की ठंड में भी बालगोबिन भगत के मस्तक पर 'श्रमबिंदु' (पसीने की बूँदें) चमकने का क्या अर्थ है?**

(A) वे शारीरिक रूप से बहुत कमज़ोर और बीमार थे।

(B) उनका संगीत के प्रति समर्पण और भक्ति इतनी तीव्र थी कि वे शारीरिक कष्टों से ऊपर उठ चुके थे।

(C) पोखरे के पास बहुत अधिक गर्मी या आग जल रही थी।

(D) वे खैजड़ी बजाने का बहुत कठिन व्यायाम कर रहे थे।

(ii) **'उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था' का आशय है :**

(A) वह एक के बाद एक गीत गाए जा रहे थे ।

(B) वह लगातार प्रवचन दिए जा रहे थे ।

C) वह लगातार लोगो को आशीर्वचन दे रहे थे ।

(D) वह किसी से लगातार बातें किए जा रहे थे ।

**(iii) लेखक ने सुबह के धुंधले और रहस्यमयी वातावरण के बीच केवल भगत के संगीत और उनकी क्रियाओं का वर्णन किया है। यह दृश्य भगत के किस गुण को रेखांकित करता है?**

(A) उनका समाज से पूरी तरह कट कर अकेले रहने का स्वभाव।

(B) अंधकार और अज्ञान के बीच उनका ज्ञान और भक्ति रूपी प्रकाश फैलाना।

(C) केवल सुबह के समय ही जागने की उनकी आदत।

(D) गाँव के लोगों के प्रति उनका उदासीन रवैया।

**(iv) "मैं शुरू से ही देर तक सोनेवाला किंतु..." लेखक के इस कथन से बालगोबिन भगत के संगीत के प्रभाव के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

(A) भगत का संगीत केवल मनोरंजन का साधन था।

(B) भगत का संगीत इतना प्रभावशाली और सम्मोहक था कि वह मनुष्य की स्वाभाविक आदतों को भी बदल देता था।

(C) लेखक केवल ठंड के कारण जाग गया था, संगीत के कारण नहीं।

(D) भगत जानबूझकर लेखक को जगाने के लिए तेज़ आवाज़ में गाते थे।

**(v) भगत गाँव के बाहर पोखरे के ऊँचे भिंडे पर क्यों गाया करते थे ? अनुपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -**

(A) शांत और प्राकृतिक वातावरण के कारण ।

(B) ताकि गाँववाले को परेशानी न हो |

(C) गाँव में अधिक शोर की मनाही थी ।

(D)उन्हें उस स्थान पर रोज़ गाने की आदत थी ।

**प्रश्न 8** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3 x2 =**6अंक**

क) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के माध्यम से लेखक ने किस सामाजिक बुराई पर व्यंग्य किया है?

ख) आग और सुई-धागे के आविष्कार को 'संस्कृति' पाठ के लेखक ने बहुत बड़ी खोज क्यों माना है?

ग) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ में बिस्मिल्लाह खाँ को 'शहनाई की मंगलध्वनि का नायक' क्यों कहा गया है?

घ ) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका के बचपन में उनके भीतर हीनभावना पैदा होने में उनके पिता भूमिका को आप कैसे देखते हैं ?

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए 5 x1 =**5 अंक**

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला

प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ

आवाज से राख जैसा कुछ गिरता हुआ

तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता

कहीं से चला आता है संगीतकार का स्वर

कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ

यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है

और यह कि फिर से गाया जा सकता है

गाया जा चुका राग

और उसकी आवाज में जो एक हिचक साफ सुनाई देती है

या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है

उसे विफलता नहीं

उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

(i) **"यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है" वाक्य के माध्यम से संगतकार मुख्य गायक को किस प्रकार का मानसिक और भावनात्मक संबल प्रदान करता है?**

(A) वह मुख्य गायक को याद दिलाता है कि दर्शक दीर्घा में उसके बहुत से प्रशंसक बैठे हैं।

(B) वह मुख्य गायक के अहंकार को संतुष्ट करता है कि वह ही सबसे श्रेष्ठ कलाकार है।

(C) वह कला के क्षेत्र में अकेलेपन के डर को दूर कर सामूहिक सहभागिता और अपनेपन का अहसास कराता है।

(D) वह मुख्य गायक को यह चेतावनी देता है कि उसे अपनी कला में सुधार करने की ज़रूरत है।

**(ii). "आवाज से राख जैसा कुछ गिरता हुआ" पंक्ति के माध्यम से मुख्य गायक की किस आंतरिक मनोदशा और स्थिति को उजागर किया गया है?**

(A) मुख्य गायक का गला पूरी तरह खराब हो चुका है और वह गा नहीं पा रहा है।

(B) ऊँचे स्वर में गाते-गाते गायक का आत्मविश्वास डगमगा रहा है और उसका उत्साह बुझ रहा है।

(C) गायक का ध्यान संगीत से भटककर अपनी सांसारिक समस्याओं पर चला गया है।

(D) मुख्य गायक जानबूझकर अपनी कला को छिपाने का प्रयास कर रहा है।

**(iii). "गाया जा चुका राग" को फिर से गाए जाने की बात कहकर कवि जीवन और कला के किस सत्य की ओर संकेत कर रहा है?**

(A) यदि जीवन या कला में कोई विफलता या निराशा आ भी जाए, तो नए उत्साह के साथ पुनः शुरुआत की जा सकती है।

(B) पुराने गानों को दोबारा हूबहू गाना बहुत आसान होता है।

(C) मुख्य गायक अपनी पुरानी गलतियों को बार-बार दोहराने का आदी हो चुका है।

(D) एक बार असफल होने के बाद व्यक्ति कभी भी नया राग या नई शुरुआत नहीं कर सकता।

**(iv) कथन (K):** संगतकार द्वारा अपने स्वर को मुख्य गायक से ऊँचा न उठाने की कोशिश को उसकी विफलता नहीं माना जाना चाहिए।

**कारण (R):** दूसरों की सफलता के लिए स्वयं के स्वार्थ और प्रतिभा को स्वेच्छा से पीछे रखना कायरता नहीं, बल्कि सच्ची मनुष्यता है।

**विकल्प:**

(A) कथन (K) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।

(B) कथन (K) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(C) कथन (K) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (K) की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन (K) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (K) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(v) "गाया जा चुका राग" दोबारा गाने से संगतकार का क्या आशय है?**

A) बीते हुए समय को वापस लाना।

B) निराश मुख्य गायक में फिर से नया हौसला और विश्वास जगाना।

C) एक ही गाने को बार-बार रिकॉर्ड करना।

D) मुख्य गायक की गलती पर उसका मज़ाक उड़ाना।

**प्रश्न 10** . निर्धारित काव्य-पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3 x2 **=6अंक**

(I) "बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी॥" - इस पंक्ति में लक्ष्मण के कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(II) 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए कि फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है?

(III) "गोपियों द्वारा उद्धव को 'बड़भागी' कहना उनके मन के किस गहरे वैचारिक द्वंद्व और कटाक्ष को प्रकट करता है? क्या वे सचमुच उद्धव को भाग्यशाली मानती हैं?"

(iv) कवि जयशंकर प्रसाद द्वारा अपने अतीत की सुखद स्मृतियों को 'पाथेय' (रास्ते का संबल) मानना और उन्हें छिपाकर रखने की चाह, उनके अंतर्मन के किस एकाकीपन और जीवन के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण को उजागर करती है?"

**प्रश्न 11 पूरक पाठ्यपुस्तक के** निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 2x4 **=8 अंक**

(I) भोलानाथ का अपने पिता के साथ बहुत गहरा जुड़ाव था, फिर भी संकट के समय वह पिता के पास न जाकर माँ की शरण लेता है। क्यों?

(II) पाठ 'साना साना हाथ जोड़ि' के आधार पर लिखें कि सैलानियों (पर्यटकों) का प्रकृति और स्थानीय समाज के प्रति क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए?

(III) पाठ -'मैं क्यों लिखता हूँ? के लेखक अज्ञेय के अनुसार, किसी वैज्ञानिक या लेखक की 'आंतरिक विवशता' ही उसे कुछ नया रचने या लिखने के लिए प्रेरित करती है। स्पष्ट करें ।

## खंड - घ

## ( रचनात्मक लेखन ) 20

**प्रश्न 12**. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : 1x6=6

(क) **सोशल मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**

संकेत बिंदु :

- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संवैधानिक अधिकार,
- आम लोगों की आवाज उठाने का सशक्त जरिया
- गलत सूचनाएं एवं उत्पीड़न हेतु दुरुपयोग
- निष्कर्ष

(ख) **जीवन की जरूरतें कितनी हैं , चाहते कितना हैं?**

संकेत बिंदु :

- जीवन की बुनियादी जरूरतें
- चाहतें- सुविधाएं , विलासिता , दिखावा और लालच
- जरूरतों और चाहतों में संतुलन
- निष्कर्ष

(ग) **आज के समय में कैसे करें देश भक्ति**

संकेत बिंदु :

- देश भक्ति से अभिप्राय
- जिम्मेदार नागरिक बनकर
- सच्चाई , ईमानदारी और कर्तव्य पालन
- निष्कर्ष

13. आप रागिनी / सुयश हैं। बाल स्वयंसेवकों के समूह में शामिल होकर कुंभ मेला के आयोजन समय किए गए सेवाकार्य के विषय में जानकारी देते हुए अपनी माताजी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

1x5=5

**अथवा**

आप अरुणिमा / सिद्धांत हैं। वर्तमान समय में दुनिया के अनेक देशों के बीच जारी युद्धों के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक संकट के समय देशवासियों द्वारा मितव्ययिता एवं संयम का पालन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

14. आप अनुभूति / विशेष हैं। आपके विद्यालय की आस-पास की सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के कारण विद्यार्थियों के आने-जाने में होने वाली असुविधा को बताते हुए समाधान हेतु नगर निगम, हरिद्वार को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए । 1x5=5

**अथवा**

आप कात्यायनी/ शिवराम हैं। स्थानीय समाचारपत्र दिव्य भारत में प्रशिक्षु संवाददाता के रिक्त पद हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत लिखिए।

15. विद्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु छात्र परिषद, योगग्राम विद्यालय, मसूरी की ओर से जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। 1x4=4

**अथवा**

आपके बड़े भाई राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय वायुसेना में प्रशिक्षण हेतु चुने गए हैं। इसके लिए उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों मे संदेश लिखिए।